हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

12 कई जगहों पर हलकी बारिश से गिरा पारा



12 सांसद ने नशामुक्ति जनजागरूकता साइकिल रैली को किया रवाना



WISSEN Science Academy
9th to 12th SCHOOLING + COACHING
District Topper
Pure Classroom Study
PUSHKAR SANGWAN
Classroom Student
ACHIEVED 99.713%ILE in IIT-JEE MAINS 2026
9th & 11th New Batch Start 24 March, 2026
NEET | JEE | NDA | FOUNDATION
SCHOLARSHIP-CUM-ADMISSION TEST
AC Class Room & Hostel Facility
NEAR WARE HOUSE, M.C. COLONY, CH. DADRI Call Us : 7419519001, 02, 03
Scholarship Cum Admission Test: Daily 9 am wards



## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल बिजली मीटर पर किसानों का विरोध

**बाढ़ड़ा।** हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी आयोग द्वारा प्रदेशभर में कृषि सिंचाई के लिए टयूबवेलों की बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया पर अनेक सवाल उठाए। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि वर्तमान बिजली आपूर्ति में संभावित बदलाव को किसान सिरे से खारिज करते हैं और ट्यूबवेलों को बिजली आपूर्ति की स्कीम में कोई भी बदलाव किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में कृषि कार्य के लिए संचालित ट्यूबवेलों को बिजली की सप्लाई पहले की सरकारों ने बिना किसी मीटर के हॉर्स पावर एवं भूजल स्तर के अनुसार मासिक निर्धारित बिल द्वारा किसानों को बिजली सप्लाई की योजना शुरू की थी।

### टिकैती की गिरफ्तारी पर भड़के किसान संगठन

**बाढ़ड़ा।** भारतीय किसान यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक किसान भवन में जिला प्रधान हरपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा सरकार की नीतियों पर कड़ा विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा किसान नेताओं की गिरफ्तारी की गई है, जिसकी भाकियू कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने मांग की कि भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राकेश टिकैत को तुरंत रिहा किया जाए और जल्द रिहाई नहीं की तो भारतीय किसान यूनियन किसी भी प्रकार के आंदोलन के लिए तैयार रहेगी। बैठक में सरकार द्वारा किसानों के ट्यूबवेल पर मीटर लगाने की योजना का जोरदार विरोध किया। किसानों ने कहा कि योजना उनके हितों के खिलाफ है और इसे किसी भी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा।

### कॉलेज गई छात्रा नहीं लौटी वापस घर, शिकायत दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव की छात्रा घर से कॉलेज पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन बाद में घर नहीं लौटी। छात्रा की मां ने लोहारू पुलिस थाने में बेटी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। मलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी करीब 21 वर्षीय बेटी हमेशा की तरह घर से कॉलेज के लिए निकली थी। लेकिन सांय को जब वह घर नही लौटी तो उसकी तलाश शुरू कर दी और कई जगह पूछताछ की। उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारों में भी काफी तलाश की गई। लेकिन वह नही मिली। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया संबोधित

# कांग्रेस की घोषणाएं 'डस्टबिन' में जाती थीं, बीजेपी निभा रही हर वादा: सैनी

**मुख्यमंत्री ने ड्रिप इरिगेशन पर सिंचाई विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में की गई घोषणाएं 'डस्टबिन' में चली जाती थी। लेकिन इसके विपरीत, वर्ष 2014 से अब तक बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने हर संकल्प को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए है। वर्तमान सरकार घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ड्रिप इरिगेशन पर सिंचाई विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम को सांसद चौधरी श्री धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती किरण चौधरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांव सांगवान निवासी पर्वतारोही श्री प्रवीण को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तोशाम की यह धरती परिश्रम, त्याग और खेती-किसानी की समृद्ध परंपरा की साक्षी रही है। उन्होंने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसी लाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह को याद करते हुए हरियाणा के लिए किये गये कार्यो का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हरियाणा के बनने के समय ही विकास की नई इबारत लिखी थी। वे तोशाम-लोहारू के बालू रेत के टीलों पर लहलहाती फसल देखना चाहते थे। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने पांच दशक पहले, उस समय विश्व स्तर का लिफ्ट इरिगेशन कैनाल सिस्टम तैयार किया था। इसके परिणामस्वरूप, इस रेतीले क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई के लिए पहली बार नहरी पानी पहुंचा और लोगों की किस्मत बदली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने जो हमें लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है, वह हमारे लिए गर्व का विषय होने के साथ एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। यह जनादेश हमें यह याद दिलाता है कि हमें और अधिक समर्पण के साथ काम करना है और हर उस वादे को पूरा करना है, जो हमने आपसे किया है। हम जो कहते हैं, उसे करते भी हैं। ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए हर संकट में भारतीयों के साथ खड़ी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे बात कोराना काल की हो या फिर अफगानिगस्तान से भारतीयों को सकुशल वापिस लाने का कार्य जब भी वैश्विक संकट आया पीएम मोदी हमेशा जनता के साथ रहे।

*तोशाम आईएमटी के लिए ई-भूमि पोर्टल को अगले सप्ताह में खोला जाएगा*





**तोशाम।** योजनाओं का उदघाटन करते सीएम नायब सिंह सैनी, मंचासीन सीएम, कैबिनेट मंत्री व अन्य।

### पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्षी गलत बयानबाजी करके जनता में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के 4,032 पेट्रोल पंपों और रसोई गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी कुछ दिन पहले बैठक ली है। उन्होंने जनता को आश्वासत करते हुए कहा कि किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों को सहयोग देना चाहिए, कोई गलत बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

### आईएमटी के लिए पोर्टल खुलेगा

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि तोशाम में सरकार ने आईएमटी बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि ई-भूमि पोर्टल को अगले एक सप्ताह में खोल दिया जाएगा। किसान इस पोर्टल पर जमीन पंजीकृत करवाये। किसी किसान पर दबाव नहीं होगा, लेकिन सरकार किसानों को उचित मूल्य देगी।

### कांग्रेस न करे फसल खरीद की चिंता

बारदाना खरीद व्यवस्था को लेकर विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं और जिम्मेदारी राज्य सरकार की है तथा इसे पूरी पारदर्शिता के साथ निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल भ्रामक प्रचार करने में जुटा। कांग्रेस को फसल खरीद को लेकर चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि हरियाणा सरकार खरीद और किसानों के कल्याण का ध्यान रख रही है।

### हरियाणा को एक सप्ताह में मिल जाएंगे 2500 नए पटवारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी किसान के बेटे है, उन्होंने खुद खेती-किसानी की है। उन्हें पता है कि किसान को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी है। किसानों की समस्याओं के हल के लिए 2500 पटवारियों की ट्रेनिंग दे चुके है, अगले एक सप्ताह में हरियाणा के अलग अलग क्षेत्रों में इनकी तैनाती हो जाएगी।

# अवैध रूप से उपयोग हो रहे 15 गैस सिलेंडर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने किए जब्त



बवानीखेड़ा। पकड़े गए सिलेंडर दिखाते हुए।

- विभाग की टीम ने बवानीखेड़ा सहित गांव पुर, सिवाड़ा, अलखपुरा और मिलकपुर में जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा क्षेत्र में खाद्य एवं पूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे गैस सिलेंडरों को जब्त किया। विभाग की टीम में इंस्पेक्टर संजय कुमार और सब इंस्पेक्टर मनजीत सिंह शामिल रहे। जानकारी के अनुसार विभाग की टीम ने बवानीखेड़ा सहित गांव पुर, सिवाड़ा, अलखपुरा और मिलकपुर में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बवानीखेड़ा में कोई अवैध सिलेंडर नहीं पाया लेकिन गांवों में पाया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। टीम ने मौके से कुल 15 गैस सिलेंडर अपने कब्जे में लिए, जिनमें 14 घरेलू सिलेंडर और एक कमर्शियल सिलेंडर शामिल है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जा सकता है। इनका व्यावसायिक कार्यों में प्रयोग करना कानूनन अपराध है। विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। टीम ने सिलेंडरों को जब्त कर भवानी गैस एजेंसी में जमा करवा दिए और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोका जा सके।

# किसानों के मसीहा पूर्व कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिला के गांव गोलागढ़ स्थित उनकी समाधि पर वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर आदर्श समाज की स्थापना करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह किसानों के मसीहा थे। जिन्होंने किसानों की बिजली, पानी, कृषि की समस्याएं दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया। वाल्मीकि ने कहा कि स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह ने कृषि मंत्री रहते पूरे देश में राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाईन करवाया, जिसके चलते किसान दलालों के चंगुल से आजाद हो पाया। इसके अलावा वे गरीबों की भलाई के लिए हमेशा आगे रहते थे। मंत्री के रूप में उनका हर कदम समाज की भलाई के लिए रहता था। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि स्व. सुरेंद्र सिंह ईमानदारी व सच्चाई के साथ काम करने की लगन रखते थे। जिन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंसीलाल के सारथी के तौर पर काम तथा आधुनिक हरियाणा के विकास में अपनी अहम भागीदारी निभाई। वे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंसीलाल व पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश के विकास एवं उन्नति में अपनी अहम भूमिका निभा रही है।



भिवानी। वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

# बवानीखेड़ा अनाज मंडी के डिस्पोजल का गंदा पानी तालाब में डाले जाने से लोगों में रोष

- कार्यकारी अभियंता बोले किसानों की फसल बचाना जरूरी और कोई स्थान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित अनाज मंडी के पास स्थित डिस्पोजल का गंदा पानी रेलवे स्टेशन के साथ लगते तालाब में डाले जाने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों में सज्जन कुमार, रमन टुटेजा, राजेश कुमार, राजेन्द्र, निर्मल, ललित, सुरेश, अनिल तसवीर जोगेन्द आदि का कहना है कि लंबे समय से यह गंदा पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बवानीखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास बने इस तालाब में पहले बारिश का साफ पानी इकट्ठा होता था, लेकिन अब इसमें अनाज मंडी के डिस्पोजल का गंदा और बदबूदार पानी डाला जाता है। इसके कारण तालाब का पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है और आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। नजदीक रहने वाले लोगों ने बताया कि बदबू के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**बवानीखेड़ा।** अनाज मंडी के डिस्पोजल पानी को जोहड़ में डालने के लिए लगाए गए पाइप व जोहड़ का फोटो।

### मच्छर भी बढ़ रहे

सुबह और शाम के समय बदबू ज्यादा फैल जाती है, जिससे लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा मच्छरों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कस्बावासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या को संबंधित विभाग और प्रशासन के अधिकारियों के सामने उठाया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों की मांग है कि इस गंदे पानी को तालाब में डालने की व्यवस्था तुरंत बंद की जाए और इसके लिए कोई वैकल्पिक समाधान निकाला जाए। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**भिवानी।** स्व. सुरेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### चौधरी सुरेंद्र सिंह युवाओं के प्रेरणा स्रोत

**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि पूर्व कृषि मंत्री पूर्व सांसद स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह किसान मजदूर के सच्चे हमदर्द थे उन्होंने हमेशा इन वर्गों की भलाई के लिए अनेक कार्य किया आज स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर गांव खरक कला में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहे संदीप खरकिया ने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे युवाओं की भलाई के लिए चौधरी बंसीलाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान अनेक कार्य किए गए जिसके बदौलत आज प्रदेश का युवा याद करके श्रद्धांजलि दे रहा है उन्होंने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह के मंत्री बनने के बाद अपनी पहली कलम से किसानों के हित में अनेक काम किए गए थे उन्होंने किसान मजदूर के लिए एवं दक्षिण हरियाणा के विकास के लिए अनेक कार्य किए गए थे चौधरी सुरेंद्र सिंह ने ईमानदारी के साथ भिवानी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

## राशि खजाने में वापसी के लिए स्कूल मुखियाओं को पूरी प्रक्रिया अपनानी होगी

# 28 घंटे में खर्चने होंगे पौने 13 करोड़, नहीं तो जाएंगे वापस सरकारी खजाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली का भी कोई जवाब नहीं। स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए सामान का बजट पूरे साल जारी नहीं किया, अब वित्त वर्ष खतम होने के महज 28 घंटे पहले पौने 13 करोड़ रुपये की राशि का बजट जारी कर दिया। उक्त राशि 31 मार्च तक (मंगलवार) तक खर्चनी होगी। अगर यह राशि नहीं खर्ची तो वापस सरकार के खजाने में चली जाएगी। अगर एक बार राशि खजाने में वापस चली गई तो फिर से स्कूल मुखियाओं को उक्त राशि वापसी के लिए पूरी प्रक्रिया अपनानी होगी। जिसमें वक्त लगेगा। हैरानी की बात यह है कि इतने कम समय में उक्त राशि नियमों के हिसाब से ही खर्च करनी होगी। मसलन खेल के सामान की खरीद के लिए विभिन्न फर्मो से कोटेशन मांगना व वेंडर तैयार करवाना शामिल है। खाते में पैसे का मैसजे मिलते ही स्कूल के मुखिया की भौहे तन गई और अब वे इतने कम समय में ये राशि किस तरह से खर्च कर पाएंगे। शिक्षा विभाग ने सबसे ज्यादा हिसार जिले में 85.40 लाख तथा सबसे कम बजट पंचकूला के लिए 33.55 लाख रुपये का बजट जारी किया है। यहां यह बताते चले कि शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा परियोजना के तहत 30 मार्च को शाम के वक्त स्कूलों में खेल का सामान खरीदने के लिए बजट की राशि डाल दी। जब पैसे डलने का मैसेज मुखियाओं के पास आया तो उनके पांव तले की जमीन खिसकनी शुरू हो गई।

### खास बातें

- नियम अनुसार खरीद प्रक्रिया जरूरी
- कम समय से स्कूल मुखिया परेशान
- जिलों में बजट वितरण में बड़ा अंतर

### सत्र शुरू होते ही भेजना चाहिए बजटः भूपेंद्र

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चाहर ने बताया कि शिक्षा विभाग को स्पोर्ट का सामान खरीद के लिए बजट की राशि सत्र शुरू होते ही भेजनी चाहिए। ताकि जरूरत के हिसाब से खेल का सामान खरीदा जा सके। लेकिन 30 मार्च को बजट की राशि जारी की गई है। वे किस तरह से सामान को खरीद सकते है।

### कोटेशन मांगने के बाद ही सामान की हो सकती है खरीद

बताया जा रहा है कि कोई छोटा व बड़ा सामान खरीदने के लिए सरकारी विभागों में कम से कम तीन फर्मो से सामान की कोटेशन मंगवानी होगी। जो सबसे कम पैसे में बेहतरीन समान देने वाली कोटेशन होगी। उसी पर स्कूल या सरकारी विभाग द्वारा सामान लिया जाएगा। इतना नहीं कि इस कार्य के लिए स्कूल मुखिया अकेले यह कार्य नहीं कर सकते। इसके लिए एसएमसी कमेटी के चेयरमैन व अन्य सदस्यों की भी सहमति जरूरी है। इनकी सहमति के बाद ही सामान की खरीद हो सकती है। अगर सामान के लिए कोई फर्म फाइनल भी हो गई तो उस फर्म के संचालक को वेंडर बनाया जाएगा। वेंडर बनाए जाने के लिए फर्म का खाता बैंक में दिया जाएगा और उसके लिए एसएमसी के चेयरमैन तथा स्कूल मुखिया के पास ओटीपी आएगा। तब जाकर उसके खाते में पैसा ट्रांसफार हो पाएगा। महज 28 घंटों के भीतर इतना कार्य हो पाना असंभव है।



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रेडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरूनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।


## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं,*



*जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## परमसंत हुजूर कंवर साहेब ने भी बंधाया कमल प्रधान को ढांढस

# 95 वर्षीय पूर्व विधायक धज्जाराम ने और 93 वर्षीय पूर्व विधायक गणपत राय ने दी चौधरी जंगबीर सिंह को श्रद्धांजलि

- दिवंगत नेता के व्यक्तित्व को बताया अद्वितीय
- सभा में भावुक माहौल, पुराने साथियों ने किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी लोकसभा के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय सामाजिक नेता, पूर्व सांसद चौधरी जगबीर सिंह को आज उनके पुराने मित्रों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राधा स्वामी दिनोद धाम से परमसंत हजूर कंवर सिंह महाराज ने दिवंगत जंगबीर सिंह के बड़े सुपुत्र कमल प्रधान को सांत्वना दी। हजूर महाराज ने कहा कि चौधरी जगबीर सिंह जैसा व्यक्तित्व परमात्मा बिरले को ही देता है। उनके जैसी आत्मा सदैव अमर रहती है। इस अवसर पर 95 वर्षीय पूर्व विधायक धज्जाराम व्हील चेयर पर पहुंचकर अपने पुराने साथी को अंतिम नमन करते नजर आए, वहीं दादरी के 93 वर्षीय पूर्व विधायक गणपत राय ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इनके अलावा 90 वर्षीय दरिया सिंह वकील सहित तीनों वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने इस मौके को भावुक और स्मरणीय बना दिया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित इन तीनों मित्रों ने चौधरी जगबीर सिंह के व्यक्तित्व और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें एक सच्चे जननेता के रूप में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।


भिवानी। ढांढस बंधाते परमसंत हजूर कंवर सिंह महाराज। फोटो: हरिभूमि


भिवानी। पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर धज्जाराम और गणपत राय ने उनके साथ बिताए अपने लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने आपातकाल के कठिन दौर से लेकर उससे पहले की राजनीति तक की चर्चा करते हुए बताया कि चौधरी जगबीर सिंह एक साहसी, निडर और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले व्यक्ति थे। उस समय जब कई लोग दबाव में आ जाते थे, तब भी उन्होंने अपनी विचारधारा और जनहित के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि चौधरी जगबीर सिंह जनहित में लिए गए अपने हर फैसले पर अटल रहते थे। वे हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और समाज के वंचित वर्गों की आवाज बनकर खड़े रहे।

### उनका मानना था कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सबसे सशक्त जरिया

पूर्व सांसद श्री चौधरी जगबीर सिंह ने अपने पूरे जीवन में हरियाणा के समग्र विकास और उत्थान के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास किए। उन्होंने क्षेत्र के विकास, शिक्षा के प्रसार, सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से अनेक विकास कार्यों को गति मिली, जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचा। सभा में श्रद्धांजलि देने उमड़े जनमानस ने कहा कि चौधरी जगबीर सिंह का जीवन सादगी, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कभी भी निजी स्वार्थ को अपने कर्तव्यों के बीच नहीं आने दिया और हमेशा समाज और प्रदेश के हित को सर्वोपरि रखा। उनका व्यक्तित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है, जो यह सिखाता है कि सच्ची निष्ठा और सेवा भाव से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उनके दिखाए मार्ग पर चलने और उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शोकाकुल परिवार को धीरज देने हेतु पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग,ओम प्रकाश गोरा पूर्व विधायक लोहारू, नरेंद्र श्योराण पूर्व विधायक, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, सूरत सिंह एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन बहादुरचंद शर्मा, विजेंद्र बड़गुज्जर एससी आयोग अध्यक्ष, जितेंद्रनाथ, शिवकुमार पूर्व पार्षद, सुशील वर्मा पूर्व सदस्य बाल आयोग, राजेश सरपंच प्रेम नगर, सूरजमल लेघां राज्य उप प्रधान,ओमवीर राणा जिला प्रधान, विजय गोठड़ा, राज गागड़वास ,विजय पचगांव, सुभाष लाडावास जिला पार्षद, पाल राम गुर्जर, वेदपाल तंवर,मनोज प्रजापति पार्षद, कृष्ण सिवाच, हलका प्रधान आईएनएलडी, अनिल कालुवाला ठेकेदार, मोहित चौधरी, सुभाष तंवर पार्षद, युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष सेठी धनाना, संदीप यादव पार्षद, सुनील सिवाच कमांडो, सत्येंद्र मोर पूर्व वाइस चेयरमैन, ओमप्रकाश बागड़ी पूर्व अध्यक्ष रोहतक,प्रदीप कौशिक, धीरज सिंह कांग्रेस सचिव, धर्मवीर सांगवान डीपीई, नसीब राणा पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन चरखी दादरी, रघुवीर सिंह रंगा बवानीखेड़ा, राजा ढाणीमाहू जिला पार्षद, राजवीर फोगाट, आनंद सिंह बीडीसी चैयरमेन, जयवीर ठेकेदार, धोलिया ठेकेदार, रज्जू अहलावत, शीशराम मेंचु पूर्व अध्यक्ष, विक्रम सिंह पूर्व प्रधान जनता कॉलेज चरखी दादरी, जोगिंदर मलिक प्रधान व्यापार मंडल तोशाम, नरेंद्र तंवर जिला पार्षद, मोनू पंघाल, नरसिंह डीपी सचिव सांगवान खाप, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## सेंट जेवियर्स में परिणाम, ग्रेजुएशन डे और फन फिएस्टा आयोजित

- नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेंट जेवियर्स स्कूल भिवानी में 'वार्षिक परीक्षा परिणाम', 'ग्रेजुएशन डे' व 'फन फिएस्टा' बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल पर प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। इस अवसर की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती देवी के आगे दीप प्रज्वलित करके आरंभ की गई। विद्यालय में विद्यार्थियों के मनोरंजन, रचनात्मकता और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज "फन फिएस्टा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### पुरस्कार, नृत्य व फन गतिविधियों से गूंजा विद्यालय उत्सव

विद्यालय प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। इसके अतिरिक्त स्कूल प्रबंधन व स्कूल निर्देशिका के द्वारा कक्षा में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त खेल प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा को दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेल, नृत्य प्रस्तुतियाँ, संगीत, रंगोली, चित्रकला, फैंसी ड्रेस, खेलकूद प्रतियोगिताएँ तथा स्वादिष्ट फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक झूले, गेम जोन और मजेदार गतिविधियों का आनंद लिया। पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना, रचनात्मक सोच और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### नकल रहित शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न, टीम का सम्मान

**चरखी दादरी।** गांव सांवड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्राचार्य नगेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में संपन्न हुई कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से नकल रहित हो जाने पर सेंटर सुपरीडेंट इतिहास प्रवक्ता हरीश कुमार व उनकी टीम का आभार जताया गया।

### सेवानिवृत्ति पर बेजुबानों को समर्पित किया भंडारा

**भिवानी।** अक्सर लोग अपनी सेवानिवृत्ति या जीवन की खुशियों का जश्न भव्य पार्टियों और दावतों के साथ मनाते हैं, लेकिन डीपीई राजेश ढांडा ने अपनी विदाई को सेवा का पर्याय बनाकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। अपनी सेवानिवृत्ति पर राजेश ढांडा ने अपनी खुशियों को बेजुबान जानवरों और गौमाता की सेवा के नाम किया।

### नर सेवा ही नारायण सेवा: सोमवी

**चरखी दादरी।** गांव मंदोली में मंगलवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसोला ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इसे सार्थक बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग सक्षम हैं, वे अपने संसाधनों के माध्यम से समाज की सेवा करें, जबकि अन्य लोग आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं।

## बीआर संस्था में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

बीआर संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन हरिश भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष कृष्ण भारद्वाज उपस्थित रहे। इसके उपरांत विद्यालय द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा नर्सरी से 11 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सही मार्गदर्शन है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई में नियमित रूप से सहयोग करें तथा विद्यालय के साथ निरंतर संपर्क में रहें।


चरखी दादरी। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## 38 वर्षों के अध्यापन कार्य उपरांत डॉ. अर्पणा सेवानिवृत

- डॉ. अर्पणा केवल उत्कृष्ट शिक्षिका ही नहीं, सशक्त मार्गदर्शक एवं अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व की धनी: प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आदर्श महिला महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका एवं उप-प्राचार्या डॉ. अर्पणा बत्रा के 38 वर्षों के दीर्घ, समर्पित एवं गौरवपूर्ण सेवाकाल की पूर्णता पर उनके सम्मान में भावनात्मक एवं गरिमामयी सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया। महाविद्यालय का सभागार भावनाओं, स्मृतियों और सम्मान के रंगों से सराबोर नजर आया। महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहा कि डॉ. अर्पणा बत्रा संस्था की मजबूत आधारशिला रही हैं, जिन्होंने हर परिस्थिति में संस्था की उज्जवलता और उन्नति को सर्वोपरि रखा। पुराने संस्मरणों को याद करते हुए बुवानीवाला ने कहा कि उन्हें आज भी अच्छी तरह याद है जब 1988 में उनके पिता शादी लाल बत्रा उन्हें महाविद्यालय छोड़ने आए थे और आज सेवानिवृति पर उन्हें वापस ले जाने पुनः महाविद्यालय पधारें है। उन्होंने कहा कि डॉ. बत्रा ने कर्मठता, निष्ठा और ईमानदारी से सिद्ध किया कि सच्ची लगन और समर्पण से किसी भी संस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।


भिवानी। वरिष्ठ प्राध्यापिका एवं उप-प्राचार्या डॉ. अर्पणा बत्तरा को सम्मानित करते अतिथि।

### डॉ. अर्पणा ने अपना अनुभव किया साझा

डॉ. बत्रा का सरल, सहज और सहयोगी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायक रहा है। प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि डॉ. अर्पणा बत्रा केवल एक उत्कृष्ट शिक्षिका ही नहीं, बल्कि एक सशक्त मार्गदर्शक, अनुशासनप्रिय और संवेदनशील व्यक्तित्व की धनी रही हैं। अंत में डॉ. अर्पणा बत्रा ने अत्यंत भावुक होकर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है, यहां बिताए गए 38 वर्ष मेरे लिए केवल सेवा का समय नहीं, बल्कि सीखने, सिखाने और रिश्ते बनाने का अनमोल सफर रहा है। इस मौके पर अर्पणा बत्रा के पिता पूर्व राज्यसभा सांसद शादीलाल बत्रा, उनकी बहनें डॉ. अंजली एवं डॉ. गीतांजली आदि मौजूद रहें।



## स्वस्थ आंखें ही जीवन की सुंदरता को देखने का माध्यम

**चरखी दादरी।** स्वस्थ आंखें ही जीवन की सुंदरता को देखने का माध्यम हैं । इसलिए हमें आंखों की जांच करवाना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन मन की आंखें भी मेडिटेशन व सकारात्मक सोच से स्वस्थ रखनी चाहिए तभी हम एक स्वच्छ स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा व ग्राम पंचायत रामबास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने व्यक्त किए। गौरतलब है कि आंखों का फ्री जांच शिविर कमला देवी आई व ईएनटी हॉस्पिटल, सतनाली के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अशोक यादव एवं उनकी टीम ने कुल 95 लोगों की आंखों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी दी । डॉ. यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है, विशेषकर मोबाइल और स्क्रीन के अधिक उपयोग के कारण लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

## 32 वर्षों के बाद गीता फौगाट सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शिक्षा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली गीता फोगाट राजकीय मॉडल वमा स्कूल से अपनी शानदार सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हो गईं। विद्यालय परिसर में भावपूर्ण समारोह में उन्हें ससम्मान विदा किया। विदाई की बेला पर अपने संबोधन में गीता फोगाट भावुक हो उठीं। उन्होंने अपने लंबे करियर को याद करते हुए कहा कि 32 वर्षों का यह सफर उनके जीवन की सबसे अनमोल पूंजी है। उन्होंने हमेशा माना है कि जीवन में सच्ची सफलता पद या प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर कायम रहने से प्राप्त होती है।


भिवानी। प्रवक्ता गीता फौगाट को सम्मानित करते शिक्षक।

### ये रहे मौजूद

विद्यालय और विद्यार्थियों के साथ बिताया हर पल उनकी यादों में हमेशा जीवंत रहेगा। समारोह में उनके पति एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य वीरेंद्र फोगाट और उनके पुत्र डा. पुलकित उपस्थित रहे, जिन्होंने गौरवपूर्ण क्षण में उनका साथ दिया। कार्यवाहक प्राचार्य राकेश रोहिल्ला ने गीता फौगाट के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन और समर्पण की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि फोगाट केवल एक शिक्षिका नहीं, बल्कि संस्थान के लिए एक स्तंभ थीं। इस मौके पर शिक्षक प्रदीप शर्मा, देवेंद्र सांगवान, देवेंद्र हुड्डा, रवि, महेंद्र, राजकुमार, सतेन्द्र, सुमेर, बलजीत, गुरदीप, विनोद, मुकेश, मीणा, अनीता, सुशीला, पूजा, बबिता और लता मोहर आदि मौजूद रहे।

## एचडी किड्स केयर में अभिभावक और शिक्षक मिलन समारोह




**चरखी दादरी।** समसपुर स्थित एचडी किड्स केयर में अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा विद्यालय के साथ मिलकर उनके सर्वांगीण विकास पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके लक्ष्य निर्धारण में अभिभावकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विद्यार्थी अपार प्रतिभा के धनी होते हैं, लेकिन उचित मार्गदर्शन और मूल्यपरक शिक्षा के अभाव में वे अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी बच्चों की रुचि बढ़ाना आवश्यक है।

## अजित बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण समेत जीते सात पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रोहतक के सुनारिया में 22 से 26 मार्च तक आयोजित चौथी जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अजित बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण समेत सात पदक जीते। यश ने 54 किलोग्राम और नमन सिवाच ने 66 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीते। वहीं पायल ने 52 व सौरभ कौशिक ने 80 किलोग्राम में रजत और तेजस्‍श्योराण ने 57 किलो व वंशिका 66 किलो और जीविका शेखावत ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर क्लब व जिले का नाम रोशन किया है। क्लब के कोच नवीन बलहारा फ्रूटी ने बताया कि नमन व यश 4 अप्रैल से नागपुर में होने वाली जूनियर नैशनल में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर क्लब प्रधान सुरेन्द्र बंटु मनजीत अहलावत,अर्जुन बैनिवाल शेरसिंह ग्रेवाल,सरपंच आशीष बैनिवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, डा. मनफूल ग्रेवाल,मा. अजय सुहाग, राजेश बैनिवाल, मोनू वर्मा, ओमबीर बैनिवाल, मनजीत सांगवान फौजी, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीन लीली, अमित बैनिवाल, राहुल कौशिक, रिंकु समेत अनेक खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों ने पदक विजेताओं का स्वागत किया।


कोच के साथ विजेता बॉक्सर।

## मां की स्मृति में त्रिवेणी लगाकर एक पेड़ मां के नाम व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# 81 वर्षीय माता शकुंतला की याद में 11 त्रिवेणी और 81 पौधे किए जाएंगे रोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शिक्षा समाज और पर्यावरण संरक्षण की कड़ी से जुड़े रहे राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ की माता शकुंतला देवी की स्मृति एवं श्रद्धांजलि सभा में प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। उनके पुत्र वीरेंद्र गौड़, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़, राकेश, दिनेश, प्रपौत्र राहुल, प्रशांत व अर्णव गौड़ ने डोभी तालाब स्थित प्राचीन अखाड़ा शिव मंदिर परिसर में त्रिवेणी पीपल, बरगद और नीम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समाजसेवी लक्ष्मण गौड़ ने बताया कि माता शकुंतला की स्मृति में नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के बैनर तले अभियान शुरू किया है।


भिवानी। माता शकुंतला की स्मृति में त्रिवेणी रोपित करते राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ व अन्य परिजन। फोटो: हरिभूमि

### माता स्मृति में पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने कहा कि माता की स्मृति में 81 पौधें व 11 त्रिवेणी लगाने का संकल्प लिया गया, जिन्हें राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर रोपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी माता धार्मिक एवं सामाजिक मूल्यों से जुड़ी हुई थीं और सदैव सेवा भाव के कार्यों को प्राथमिकता देती थीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे विधायक घनश्यामदास सर्राफ, डॉ. शिवशंकर भारद्वाज तथा पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा ने गौड़ परिवार की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौड़ परिवार हमेशा समाज और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। भारद्वाज ने कहा कि लक्ष्मण गौड़ लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़, बिजेंद्र बडगुजर, प्राचार्य पवन शर्मा, पूर्व प्राचार्य देवराज, प्राचार्य राजेश कौशिक, प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक आदि रहे।

## परीक्षा परिणाम और पीटीएम में उमड़ी भीड़

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया साथ में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों विद्यार्थियों व परिजन पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नन्हें-मुन्नें बच्चे अपने परिजनों संग परीक्षा परिणम की उमंग लिए पहुंचे वहीं शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम के कार्ड सहित बच्चों को उपहार भी दिए जिससे बच्चों में एक अलग प्रकार की उमंग देखने को मिली। जानकारी देते हुए विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा ने बताया कि वार्षिक परीक्षा घोषित करने के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों व उनके परिजनों ने पहुंचकर परीक्षा परिणाम सुना और रिपोर्ट कार्ड लिए।

## किसानों से आग्रह किया कि वे खेती में नई तकनीकों का करें इस्तेमाल

# इलाके के लोगों ने मेहनत के बल पर बंजर भूमि को बनाया उपजाऊ: श्रुति चौधरी

**सरकार नहरों की रीमॉडलिंग का कार्य बड़े पैमाने पर कर रही**



हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि आज से 21 वर्ष पहले उनके पिता चौधरी सुरेंद्र सिंह ने सबसे पहले भूमि रिकॉर्ड को कम्प्यूटरीकृत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि चौधरी बंसीलाल ने इस इलाके में लिफ्ट इरिगेशन और ड्रिप इरिगेशन की शुरूआत कर किसानों को बड़ा लाभ देने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस इलाके के लोगों ने अपनी मेहनत के बल पर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने का काम किया। उन्होंने उपस्थित किसानों से आग्रह किया कि वे खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल करे। इससे धन और समय दोनों की बचत होगी और फसल उत्पादन अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी नहरों की रीमॉडलिंग का कार्य बड़े पैमाने पर कर रही है, इस पर लगभग 5700 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके साथ—साथ घग्गर ड्रेन की कपेसिटी को बढ़ाने के लिए 450 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने तोशाम हलके के विकास के लिए मांग पत्र मुख्यमंत्री के समुख रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### 5 हजार 700 करोड़ की लागत से नहरों की री-मॉडलिंग

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 5 हजार 700 करोड़ की लागत से नहरों की री-मॉडलिंग की जा रही है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध रूप से पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बाढ़ के पानी से कई गांव प्रभावित हुए थे 450 करोड़ की लागत से घग्गर ड्रेन की क्षमता बढ़ाई जा रही है, जिससे बाढ़ जैसी कोई दिक्कत नहीं होगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छोटी बात नहीं है कि इलाके को आईएमटी के रूप में बहुत बडी सौगात दी है। साथ ही उन्होंने किसानों से भी अपील करते हुए कहा कि इसके लिए किसान सहयोग करें। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का तोशाम की पावन धरा पर अभिनंदन करते हुए कहा कि श्री सैनी केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि ऐसे नेता हैं, जिन्होंने पूरे हरियाणा में छाप छोड़ रहे हैं, हर इलाके में चहुंमुखी विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी बंसीलाल कहा करते थे कि मैं एमएलए तो तोशाम का हूं लेकिन मुख्यमंत्री पूरे हरियाणा प्रदेश का हूं। नायब सिंह सैनी भी ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो उसी कदम पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था कि इस इलाके के लोग पानी छान कर पीया करते थे। इलाके का शौभाग्य था कि चौ. बंसीलाल के रूप में ऐसे मुख्यमंत्री बने, जिन्होंने बिजली-सडक़ों व नहरों का जाल बिछाया। 160 फीट ऊंचाई पर पानी उन्होंने पहुंचाने का अनूठा काम किया। आज उनके कार्यों को आगे बढाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने प्रदेश में नहरों के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया है।

### तोशाम सिंचाई उत्सव में किसानों व महिलाओं पर किया फोकस

*सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री का तोशाम में स्वागत करते हुए कहा कि आज पंडाल में महिलाओं की हाजरी देखते हुए लगता है कि महिला बिल आने के बाद तो महिलाएं ही हर स्थान पर आगे रहेंगी। सांसद ने सीएम नायब सिंह सैनी को किसान का पुत्र बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का फोकस कृषि व किसान पर ज्यादा रहता है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि बेटी श्रुति चौधरी को सिंचाई का ऐसा महकमा दिया है की इस इलाके में पानी की ज्यादा जरूरत है। चौ. सुरेंद्र सिंह को याद करते हुए सांसद ने कहा कि आज से 43-44 साल पहले चौ. सुरेंद्र सिंह इस इलाके में सिंचाई को लेकर इस तरह की स्कीम लेकर आए थे, उस समय लोगों को इतना ज्ञान नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का आभार जताया कि आज तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका किसानों को लाभ मिलेगा।*

### तोशाम उन्नत सिंचाई उत्सव-2026 में मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगातें

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को जिला भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव-2026 के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास को गति देते हुए 107 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 13 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से पूर्ण दो परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 93 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से चार नई परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करना, शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करना तथा ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री द्वारा जिन दो परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया इनमें बिडोला में 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण 712.54 लाख रुपये की लागत से तथा ढिघावा जाटान में स्कूल भवन का निर्माण 685.99 लाख रुपये की लागत से शामिल है।

### मुख्य घोषणाएं

- ⏭तोशाम में आईएमटी के लिए एक हफ्ते में ई- भूमि पोर्टल खोल दिया जाएगा और किसानों को उनकी भूमि का उचित दाम दिया जाएगा।
- ⏭गांव दिनोद में सीवरेज सिस्टम और जलापूर्ति विस्तार को स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के तहत पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने पर एसटीपी का निर्माण जाएगा, जिस पर 97 करोड़ 96 लाख रुपए खर्च आएगा।
- ⏭तोशाम में बीडीपीओ कार्यालय के नए भवन का निर्माण करवाया जाएगा। पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने पर गांव मनसरबास में 33 केवी सबस्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा।
- ⏭तोशाम में श्रुति चौधरी द्वारा बताए गए गांवों में नए मिनी खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा।
- ⏭तोशाम में 50 बेड हॉस्पिटल को फिजीबिलिटी चेक करवाकर 100 बेड का बनवाया जाएगा।
- ⏭कैरु के सरकारी कॉलेज में विज्ञान संकाय शीघ्र शुरू की जाएगी।
- ⏭तोशाम की अनाज मंडी में शेड की मरम्मत करवाई जाएगी, मार्केट कमेटी के नए कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा।
- ⏭जुई की अनाज मंडी में शेड का निर्माण और मार्केट कमेटी कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा।

## अन्नदाता पर कुदरत का कहर

# नौ माह के अंतराल में तीसरी बार बर्बादी: राकेश

- बेरहम मौसम है और संवेदनहीन सरकार की दोहरी मार झेलने को मजबूर अन्नदाता



हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार का दिन क्षेत्र के किसानों के लिए किसी काली रात से कम नहीं रहा। एक तरफ किसान पहले से ही कर्ज और पिछली फसलों के नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहा था, वहीं दूसरी ओर आसमान से बरसी सफेद आफत (ओलावृष्टि) ने रही-सही उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है। पिछले 9 महीनों में यह तीसरी बार है जब प्रकृति ने किसानों की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया है। मंगलवार को अचानक बदले मौसम के मिजाज के बाद हुई ओलावृष्टि ने गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि किसान आज दोहरी मार झेल रहा है, एक तरफ बेरहम मौसम है, तो दूसरी तरफ संवेदनहीन सरकार। पिछले 9 महीने में यह तीसरी प्राकृतिक आपदा है। करीब 9 महीने पहले हुई अत्यधिक बारिश और जलभराव के कारण हुए नुकसान का मुआवजा आज तक अधिकांश किसानों के खातों में नहीं पहुंचा है। क्या सरकार किसानों की आत्महत्या का इंतजार कर रही है। आर्य ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन फाइलों और गिरदावरी के खेल से बाहर निकले। अगर जल्द ही विशेष गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा राशि जारी नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन सडक़ों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी।

### मुआवजा कागजी कार्यवाही में अटका

आर्य ने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं करती है, लेकिन धरातल पर राहत नहीं पहुंचती। उन्होंने कहा कि 9 माह पहले हुए जलभराव का मुआवजा अब भी कागजी कार्यवाही में अटका है, बीज, खाद और कीटनाशकों के लिए लिया गया कर्ज अब किसानों के लिए गले की फांस बन गया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कराया जाए, बारिश और जलभराव का रुका हुआ मुआवजा तुरंत दिया जाए, किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

# आधुनिक तकनीकों की किसानों ने ली जानकारी

- प्रदर्शनी के दौरान सूक्ष्म सिंचाई की आधुनिक मशीनों ने खींचा किसानों का अपनी ओर ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को चौधरी सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव के दौरान सूक्ष्म सिंचाई की आधुनिक तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी का आयोजन माइक्रो इरिगेशन कमांड डेवलपमेंट अथॉरिटी इरिगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा हरियाणा इरिगेशन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यहां पर करीब 80 स्टॉल लगाई गई हैं, जहां पर नवीनत्तम मशीनों दिखाई गई हैं। इसके अलावा इसमें 30 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जा रही है। वहीं विभिन्न कंपनियों ने किसानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रदर्शनी को दो हॉल—हॉल ए और हॉल बी—में विभाजित किया गया है। हॉल ए में लगभग 40 से 45 तथा हॉल बी में 30 से 35 स्टॉल स्थापित किए गए हैं। इन स्टॉल्स में माइक्रो इरिगेशन, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर सिस्टम, एचडीपीई पाइप, ऑटोमेशन तकनीक और वाटर मैनेजमेंट से जुड़ी नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। समिट का मुख्य उद्देश्य किसानों और युवाओं के बीच आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा खेती को तकनीक से जोडऩा है। कार्यक्रम में सीमित जल संसाधनों का कुशल उपयोग कर कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह समिट जल संरक्षण, समय की बचत और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में किसानों को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### सरकार नई तकनीकों पर दे रही जोर

विशेष रूप से इस वर्ष विकसित किया गया प्लास्टिक रेनगन किसानों के लिए किफायती, टिकाऊ और अत्यधिक प्रभावी साबित हो रहा है, जो स्प्रिंकलर इरिगेशन को और अधिक आसान बनाता है। कंपनी लगातार नई तकनीकों को अपनाते हुए हर वर्ष नवाचार कर रही है, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर सिंचाई समाधान उपलब्ध हो सकें और खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा सके।

### प्रदर्शनी में गर्ग इंडस्ट्रीज के स्मार्ट सिंचाई उपकरणों ने खींचा ध्यान

स्मार्ट इरिगेशन टेक समिट 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में गर्ग इंडस्ट्रीज द्वारा प्रस्तुत आधुनिक स्प्रिंकलर इरिगेशन उपकरणों ने विशेष रूप से किसानों और विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 2004 से स्थापित यह कंपनी स्प्रिंकलर इरिगेशन से जुड़ी विभिन्न प्रकार की असैसरीज के निर्माण और आपूर्ति में अग्रणी है। अब तक कंपनी 600 से 700 से अधिक प्रकार की असैसरीज विकसित कर चुकी है, जो किसानों को सिंचाई कार्य को सरल और प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। कंपनी द्वारा प्रदर्शित उत्पादों में मेटल और प्लास्टिक असैसरीज, एचडीपीई पाइप, मिनी ट्यूब, सर्विस सैडल, पितल व जिंक नोजल, रेनगन, मिनी स्प्रिंकलर रॉड, फ्लश वाल्व और एयर रिलीज वाल्व शामिल हैं।

# लिपिक जगदीश की अनोखी विदाई, पौधा व गौरैया आवास भेंटकर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा

गांव जगराबास में लिपिक ने सेवानिवृति समारोह अलग तरह से आयोजित कर शिक्षकों व ग्रामीणों को पर्यावरण सरंक्षण व पक्षियों की रक्षा करने का संकल्प दिलवाया। जगदीश शर्मा ने शिक्षा विभाग में बतौर लिपिक २९ वर्ष कार्य किया, उनके सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई देते हुए उन्हें पौधा और गौरैया के लिए विशेष आवास भेंट किया। यह अनोखी विदाई न केवल सम्मान का प्रतीक बनी, बल्कि प्रकृति बचाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी साबित हुई। इस अवसर पर मास्टर रामबीर काकडोली, प्रवक्ता जयभगवान शास्त्री, प्रवक्ता सुखबीर, मुख्याध्यापक बलवान, हरपाल आर्य, सुदेश डीपीई, मास्टर रवींद्र सांगवान व बसंत ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

### गौरैया संरक्षण और पौधरोपण से पर्यावरण बचाने का संकल्प

शिक्षा प्रेरक संघ के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर विनोद ने बताया कि उनके छोटे भाई सतीश मांढी द्वारा चलाया जा रहा पौधरोपण अभियान और विशेष रूप से गौरैया बचाओ मुहिम लगातार समाज को प्रेरित कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य सतप्रकाश व ग्रामीणों ने जगदीश शर्मा के लंबे और सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा की। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाएगा और पक्षियों, विशेषकर गौरैया के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्राचार्य सतपाल श्योराण व हरपाल आर्य ने कहा कि आज के समय में तेजी से बदलते पर्यावरणीय हालात और घटती पक्षी सं या चिंता का विषय है।

## ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान, मुआवजा दे सरकार

**बहल।** भिवानी जिले सहित लोहारू हल्के के अनेक गांवों में मंगलवार को हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में पूर्व विधायक चंद्रभान ओबरा के पड़पौत्र एडवोकेट राकेश ओबरा ने प्रेस बयान जारी कर सरकार से तुरंत राहत देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलें ओलावृष्टि से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि बीते 9 महीनों में यह तीसरी बार है जब प्राकृतिक आपदा ने किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। राकेश ओबरा ने कहा कि किसानों के लिए यह दिन किसी काली रात से कम नहीं रहा। एक ओर किसान पहले से कर्ज और पिछली फसलों के नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहा था, वहीं दूसरी ओर इस आपदा ने उसकी उम्मीदों को तोड़ दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# कई जगहों पर हलकी बारिश से गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार को मौसम का पल पल मिजाज बदलता रहा। हालांकि भिवानी में तेज बारिश नहीं आई,लेकिन बार बार फुव्वारों ने पारे को गुरुर तोड़े रखा। पारा 31 डिग्री सेल्सियस से उपर नहीं जा सका। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान में काले बादल छाए हुए थे। कुछ देर बाद तेज हवा के साथ हलकी फुव्वारें गिरनी शुरू हो गई। लोगों को लगा की तेज बारिश आएगी,लेकिन कुछ देर बाद बूंदाबांदी थम गई। उसके बाद मौसम में कई बार बदलाव आए। कभी फुव्वारें तो कभी हलकी बूंदाबांदी ने लोगों की परेशानी बढाए रखी। दूसरी तरफ तेज हवा चलने से खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है। इससे किसानों की फसलों की औसतन पैदावार में काफी कमी आएगी। फिलहाल बदलता मौसम किसानों के लिए समस्या लेकर आया है।



**भिवानी।** आसमान में छाए काले बादलों का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### दोपहर बाद लोहारू और आसपास के गांवों में झमाझम बरसात, किसानों के चेहरे मुरझाए



लोहारू। शहर में बरसात के बाद तरबतर सड़के।

**लोहारू।** मंगलवार सुबह से ही लोहारू और आसपास के गांवों में रुक रुककर बरसात शुरू हो गई। लोहारू शहर में बरसात के चलते सड़कें पानी से तरबतर हो गई, वहीं ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। इलाके के साथ ढिगावा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी दोपहर को झमाझम बरसात हुई। किसानों ने कहा कि इलाके का किसान अपनी रबी सीजन की फसलों को समेटने में लगा है, लेकिन बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। किसानों ने मौसम को देखते हुए फसल कटाई में तेजी लाई थी, लेकिन अब किसानों की वर्षभर की मेहनत खेतों में पड़ी है। बरसात ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया है। सरकार को फसलों की विशेष गिरदावरी करवानी चाहिए और पीड़ित किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

**मार्केट न्यूज**

### भाजपा नेता नरेश मीनू अग्रवाल द्वारा नि:शुल्क बी.पी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया



**भिवानी।** पूर्व मंत्री स्व.सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर यहां चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क के सामने भाजपा नेता नरेश मीनू अग्रवाल द्वारा नि:शुल्क बी.पी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्क में सैर करने आने वाले लगभग 125 पुरुष व महिलाओं का बीपी.व शुगर जांच नि:शुल्क की गई। इस अवसर पर नरेश मीनू अग्रवाल ने कहा कि स्व.सुरेंद्र सिंह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार में विभिन्न स्थानों पर रहते हुए प्रदेश के लोगों के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू की। कृषि मंत्री रहते हुए चौधरी सुरेंद्र सिंह ने प्रदेश के किसानों के लिए कृषि रिकॉर्ड को डिजिटल करने की शुरूआत की थी। इस अवसर पर नंदकिशोर अग्रवाल व मीनू अग्रवाल ने स्व.सुरेंद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सांसद ने नशामुक्ति जनजागरूकता साइकिल रैली को किया रवाना, यात्रा युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक

## अपने निवास स्थान से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया: सांसद धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- युवा नशे की समस्या से जूझ रहा: सांसद

प्रदेश स्तरीय नॉनस्टॉप हरियाणा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा, नशा मुक्त हरियाणा, शिक्षित हरियाणा एवं विकसित हरियाणा के उद्देश्य से आयोजित साइकिल जन-जागरूकता रैली का शुभारंभ भिवानी से चरखी दादरी के लिए किया। रैली को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह ने निज निवास स्थान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद धर्मवीर ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा नशे की समस्या से जूझ रहा है, ऐसे में स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा शुरू किया। अभियान समाज के लिए सकारात्मक पहल है, जो पूरे प्रदेश में जागरूकता फैलाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सह ग्रुप लीडर अमित ने बताया कि राज्यपाल प्रोफेसर अशिम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के दिशा-निर्देशों उपायुक्त साहिल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी,जिला ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह व ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ के मार्गदर्शन में यात्रा पूरे हरियाणा प्रदेश में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।



**भिवानी।** सांसद धर्मबीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्काऊट्स। *फोटो : हरिभूमि*

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926